हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, मंगलवार, अप्रैल 30, 2024

11 स्टेट हाइवे का निर्माण पूरा होते ही लोगों ने बनाए 13 अवैध कट



12 लाइट खराब होने से शहर की ट्रैफिक व्यवस्था चरमराई



### 1540 किसान 65 हजार बैग सरसों के लेकर मंडी में आए, बारदाने की किल्लत ने बढ़ाई परेशानी

# आज एमएसपी पर सरसों खरीद का अंतिम दिन, पहले सभी गांवों के वंचित किसान शामिल, फिर 6 गांवों के नाम हटाए

**सोमवार को 30 गांवों के 1540 किसान करीब 60 हजार बैग सरसों लेकर पहुंचें बारदाने की कमी ने बढ़ाई समस्या, शाम को मार्केट कमेटी ने शेड्यूल की सूची में शामिल 6 गांवों के नाम हटा दिए, जिससे किसानों में भ्रम बना रहा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

सरसों की खरीद जैसी ही अंतिम चरण में पहुंची है मंडी में आवक बढ़ गई। सोमवार को 30 गांवों के 1540 किसान करीब 60 हजार बैग सरसों लेकर आए हैं लेकिन बारदाने की किल्लत और ढेरी के लिए जगह नहीं मिलने से किसान दिनभर परेशान रहे हैं। शाम पांच बजे तक एजेंसी ने करीब 50 फीसदी ढेरियां खरीद ली, किंतु तुलाई नहीं होने के कारण किसानों को मंडी में ही रात बितानी पड़ेगी।

नांगल चौधरी मंडी के अंतर्गत विभिन्न गांवों के 12476 किसानों ने मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकरण कराया था। पंजीकृत किसानों को टोकन रिलीज करके समर्थन मूल्यों पर खरीदने की योजना बनाई है। 29 मार्च को खरीद का शुभारंभ किया गया था, शुरूआती चरण में केंद्रीय एजेंसी नैफेड ने 116469 बैग सरसों खरीदी थी। इसके बाद 11 अप्रेल से हैफेड ने प्रदेश सरकार के लिए सरसों खरीदी है। करीब 20 दिन में हैफेड ने 2.50 लाख बैग सरसों खरीदी है लेकिन मंडी में लिफ्टिंग के प्रयाप्त बंदोबस्त नहीं, जिस कारण टीनशेड नीचे खरीदी हुई सरसों के चट्टे लगे हुए हैं। मंडी की चारों फड़ सरसों के कट्टों से अटी पड़ी है।

### लिफ्टिंग व्यवस्था नहीं, बढ़ी परेशानी

जिस कारण ढेरी लगाने के लिए किसानों को कड़ी मशक्त का सामना करना पड़ा है। लिफ्टिंग व्यवस्था नहीं होने के कारण आढ़तियों ने मंडी की सड़क पर ढेरी करवाकर खरीद प्रक्रिया शुरू कराई है। शाम पांच बजे तक 890 किसानों की ढेरी खरीदी गई है लेकिन बारदाना खत्म होने के कारण शाम पांच बजे तक तुलाई शुरू नहीं हो पाई। शाम 5.30 बजे बारदाने का ट्रक मंडी में पहुंचा, इसके बाद आढ़तियों को वितरित किया है लेकिन 800 से अधिक किसानों की सरसों का तोल करना संभव नहीं हुआ। मंगलवार को 25 गांवों के किसानों को सरसों बिक्री के लिए बुलाया है, जिनकी आवक 70 हजार से अधिक बैग हो सकती है। ऐसे में अगले तीन दिनों तक मंडी में तुलाई प्रक्रिया चलने की उम्मीद है।



नांगल चौधरी। सरसों की फसल से अटी अनाज मंडी।

### छह गांवों के नाम हटाए

मार्केट कमेटी के सचिव आदित्य यादव ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार 30 अप्रैल तक समर्थन मूल्यों पर सरसों की खरीद होनी है। इसलिए सभी गांवों के वंचित किसानों को रोहस्टर में शामिल किया गया है। खरीद का अंतिम चरण होने के कारण किसानों में घबराहट है जिस कारण थोड़ी अव्यवस्था हुई है लेकिन किसानों को ठहरने, पेयजल समेत सभी मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं।

### 60 हजार का उठान अभी भी पेंडिंग

हैफेड के प्रबंधक एवं परचेजर सुनील चौधरी ने बताया कि मंडी में 3.75 लाख से अधिक बैग सरसों खरीदी गई है। करीब 3.11 लाख कट्टों की लिफ्टिंग हो चुकी, 60 हजार बैलेंस है जिसकी लिफ्टिंग अगले दो दिनों में पूरी होने की उम्मीद है। आवक अधिक होने के कारण किसानों को परेशानी हुई है, लेकिन तुलाई प्रक्रिया को तेज करवाकर किसानों को राहत दी जाएगी।

### नारनौल मंडी में सरसों खरीद का शेड्यूल जारी

**नारनौल।** किसान मंडी में अपनी फसल बेचने के लिए रोस्टर अनुसार ही अपनी फसल लेकर आएं ताकि मंडी में किसानों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उपमंडल अधिकारी (ना0) प्रशासक मार्केट कमेटी नारनौल डा. जितेंद्र सिंह ने बताया कि एक मई को नई अनाज मंडी नारनौल में अकबरपुर रामू, अब्दुल्ला नगर, बड़गांव, बदोपुर, बुचकपुर, फैजलीपुर, जादुपुर, कुतबापुर, मकसूसपुर, नांगल शालू, सुराना व तलोट गांवों के किसानों की सरसों खरीद की जाएगी। उन्होंने बताया कि किसान गेट पास कटवाने के लिए अपने साथ आधार कार्ड अवश्य लाएं। बिना रोस्टर के किसी भी किसान की सरसों खरीद नहीं की जाएगी।

### व्यवस्थाः चेलावास में सरसों और पुरानी मंडी में गेहूं की खरीद जारी

**कनीना।** मंडी में सरसों तथा गेहूं की आवक लगातार जारी है। स्टेट वेयर हाऊस के खरीद अधिकारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि कनीना मंडी में 1.06 लाख बैग गेहूं की खरीद की जा चुकी है, जिसमें से 48 हजार बैग का उठान किया जा चुका है। खरीदे गए गेहूं को खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के महेंद्रगढ़ गोदाम में पीआर सैंटर में रखवाया गया है। उन्होंने कहा कि सरसों की खरीद के लिए शेड्यूल जारी किया जाता है, जिसके चलते किसान आसानी से सरसों बेच रहे हैं। अब तक 3.3 लाख बैग सरसों की खरीद की जा चुकी है, जिसमें से 1.80 लाख बैग का उठान किया जा चुका है। खरीदी गई सरसों को धारूहेडा, ईसराना, जींद, रोहतक, पानीपत के गोदामों में रखवाई जा रही है। गेहूं का उठान कार्य धीमा होने से प्लेटफॉर्म गेहूं से अटे पडे.हैं। गेहूं के उठान में तेजी लाने को कहा गया है। मार्केट कमेटी सचिव नकुल यादव ने बताया कि पुरानी मंडी में गेहूं की खरीद की जा रही है, वहीं नयी मंडी चेलावास में सरसों की खरीद की जा रही है। मौसम खराब होने की संभावना को देखते हुए उठान कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि कनीना मंडी में सरसों तथा गेहूं की खरीद स्टेट वेयर हाऊस द्वारा की जा रही है। सरसों निर्धारित समर्थन मूल्य 5650 रुपये प्रति क्विंटल तथा गेहूं 2275 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जा रहा है। महेंद्रगढ़ जिले की छह मंडियों कनीना, महेंद्रगढ़, अटेली, सतनाली, नारनौल व नांगल चौधरी में खरीद की जा रही है। कनीना की नई अनाज मंडी चेलावास में सरसों तथा पुरानी मंडी में गेहूं की खरीद की जा रही है।



कनीना। अनाज मंडी में किसानों द्वारा लाई जा रही सरसों।

### 17004 कट्टे अभी भी मंडी में खुले में रखे हुए

**मंडी अटेली।** अटेली अनाज मंडी में सोमवार को किसानों की बड़ी भीड़ रही। जिसमें मार्केट कमेटी के द्वारा 1500 टोकन बनाए गए। जिसमें आवक 27000 कुंतल रही। 12500 कुंतल की एजेंसी के द्वारा खरीद की गई। जिसमें 650 किसानों की सरसों खरीदी गई अभी तक 178091 कुंतल सरसों की आवक रही। अभी तक अनाज मंडी में सरसों 228305 बैग की लिफ्टिंग हो पाई है, जिसमें सोमवार का आंकड़ा 20000 बैग रहे। अभी तक 9771 किसान मंडी में अपनी सरसों बैच चुके हैं। गेहूं खरीद के दौरान अभी तक 155 किसानों ने ही अपनी गेहूं की फसल बेचने में रुचि दिखाई है। जिनकी आवक 9575 बैग गेहूं रही है।

### खरीद शेड्यूल में बदलाव, 6 गांवों को सूची से हटाया

**नांगल चौधरी।** मार्केट कमेटी ने मंगलवार को होने वाली सरसों खरीद के शेड्यूल में बदलाव किया है। 29 अप्रैल के शेड्यूल में शामिल होने के कारण 30 अप्रैल की सूची से हटा दिया है। सचिव ने किसानों को मंडी में सरसों नहीं लाने हिदायत दी है। सचिव आदित्य यादव ने बताया कि सोमवार के शेड्यूल में नांगल पीपा, नोलाजा, पांचनोता, पवेरा, रायमलिकपुर, श्योरामनाथपुरा को 29 अप्रैल के शेड्यूल में शामिल किया था और इन गांवों के किसानों की सरसों खरीद ली है। अब मंगलवार को मौरूंड, मेघोत बींजा, मोहनपुर, मौसमपुर, मूसनोता, मूलोदी, नांगल चौधरी, नांगल दर्गू, नांगल सोडा, नायन, नियाजलीपुर, निजामपुर, रोपड़ सराय, सरेली, इस्लामपुरा, तोताहेड़ी व उदयपुर कटारिया के किसानों की सरसों खरीदी जाएगी।

### कनीना मंडी में सरसों खरीद के लिए शेड्यूल जारी

**कनीना।** सरसों की सरकारी खरीद न्यूनतम समर्थन मुल्य 5650 रुपए प्रति क्विंटल तथा 8 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से सरकारी नियमों के अनुसार अधिकतम 25 क्विंटल की खरीद की जाएगी। सरसों की खरीद गांवों के रोस्टर के हिसाब से की जाएगी। बिना रोस्टर के अपनी फसल मंडी में ना लाएं। कनीना मार्केट सचिव नुकुल यादव ने बताया कि 30 अप्रैल को नई अनाज मंडी कनीना चेलावास में मोड़ी, उन्हाणी, मुंडियाखेड़ा व उच्चत गांवों के किसानों की सरसों खरीद की जाएगी। उन्होंने बताया कि किसान गेट पास कटवाने के लिए अपने साथ आधार कार्ड अवश्य लाएं। बिना रोस्टर के किसी भी किसान की सरसों खरीद नहीं की जाएगी।

### महेंद्रगढ़ मंडी में सरसों खरीद के लिए शेड्यूल जारी

**नारनौल।** किसान मंडी में अपनी फसल बेचने के लिए रोस्टर अनुसार ही अपनी फसल लेकर आएं ताकि मंडी में किसानों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। यह जानकारी सचिव एवं कार्यकारी अधिकारी मार्केट कमेटी कोमिला ने देते हुए बताया कि 30 अप्रैल को अनाज मंडी महेंद्रगढ़ में भांडोर उच्ची, बुचावास, डुलाना, जाट झगड़ोली, खरखड़ा, कुराहवटा, लावन व मालड़ा गांवों के किसानों की सरसों खरीद की जाएगी। उन्होंने बताया कि किसान गेट पास कटवाने के लिए अपने साथ आधार कार्ड अवश्य लाएं। बिना रोस्टर के किसी भी किसान की सरसों खरीद नहीं की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### सिहमा में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप आज

**मंडी अटेली।** निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप सिहमा में 30 अप्रैल बाबा खेतानाथ मंदिर में प्रातः 11 बजे से दोपहर दो बजे तक आयोजित किया जाएगा। जिसमें विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न बीमारियों का इलाज किया जाएगा।

### आज आईटीआई में लगेगा रोजगार मेला

**नारनौल।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 30 अप्रैल को जॉब मेला लगेगा। प्रधानाचार्य विनोद खनगवाल ने बताया कि मेले का आयोजन किया जाना है, जिसमें मिंडा वेस्ट पोर्ट टेक्नोलॉजी लिमिटेड कंपनी मानेसर आ रही है, जो आईटीआई पास छात्रों का चयन करेगी तथा सभी आईटीआई पासशुदा छात्र इस मेले में पहुंचकर इस अवसर का लाभ उठाएं।

## लोस चुनावः भिवानी-महेंद्रगढ़ पहले दिन एक ने भरा नामांकन

- 6 मई तक किए जा सकेंगे नामांकन 25 को होगा मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए नोटिफिकेशन जारी हो चुका है। सोमवार को पहले दिन लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए एक उम्मीदवार ने भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र की रिटर्निंग ऑफिसर एवं उपायुक्त मोनिका गुप्ता के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। पहले दिन सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर आफ इंडिया (कम्युनिस्ट) के उम्मीदवार रोहतास ने अपना नामांकन दाखिल किया है।

डीसी ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया छह मई तक चलेगी। नामांकन सुबह 11 से दोपहर बाद तीन बजे तक किया जा सकता है। आवेदन पत्र कमरा नंबर 114 प्रथम तल लघु सचिवालय में सुबह 11 से लेकर शाम तीन बजे तक जमा कर सकेंगे। नामांकन की छंटनी का काम सात मई को सुबह 11 बजे होगी। नाम वापसी के लिए नौ मई 2024 को दोपहर बाद तीन बजे से पहले डिप्टी कमिश्नर कोर्ट कमरा नंबर 114 प्रथम तल लघु सचिवालय नारनौल में आकर सूचना देनी होगी। इसके तुरंत बाद चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। मतदान आगामी 25 मई को सुबह सात से शाम छह बजे तक होगा।




## नए एटीएम का पिन बनाने के बहाने बदला कार्ड, 1.50 लाख निकाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

व्यक्ति ने नया एटीएम कार्ड लिया और उसमें पिन नंबर जरनेट करने के लिए एटीएम बूथ पर गया। वहां अज्ञात युवक के बहकावे में आकर एटीएम दे दिया। उसे एटीएम कार्ड बदला। दो दिन में उस खाता से एक लाख 50 हजार की राशि निकाल ली गई। अब पीड़ित की शिकायत पर अज्ञज्ञत के खिलाफ आईपीसी की धारा 379,420 के तहत सिटी थाना में केस दर्ज किया है। गांव निहालपुरा वासी लालसिंह ने महाबीर पुलिस चौकी में शिकायत दी है। शिकायत में बताया है कि उसका एसबीआई बैंक में खाता है। उसका एटीएम कार्ड बनकर आया था। जिसका पिन नंबर जरनेट करने के लिए वह रेवाड़ी रोड स्थित बैंक शाखा के एटीएम बूथ पर रविवार की शाम सात बजे गया था। वहां पिन जरनेट करने की कोशिश कर रहा था।



कम दिखाई देने के कारण प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। इसी समय पीछे से एक युवक आया व उसकी मदद करने के बहाने एटीएम कार्ड बदलकर पिन नंबर भी पूछ लिए गए। उसे एसबीआईए का दूसरा एटीएम कार्ड दे दिया। कार्ड देखा नहीं। उसके खाता से 115000 रुपये व अगले दिन सोमवार को 40 हजार निकाल लिए गए। इस तरह उस युवक ने एक लाख 55 हजार की राशि निकाली है। आरोपित युवक पर कानूनी कार्रवाई की जाएंगी

## नांगल दुर्गू व ढाकोड़ा पावर हाउस की मेंटिनेंस आज 8 घंटे बिजली रहेगी बाधित

- सुबह 9 बजे शुरू होगा दोनों पॉवर हाउस में रिपेयर का काम

**नांगल चौधरी।** नांगल दर्गू और ढाकोड़ा पावर हाउस के अंतर्गत विभिन्न लाइनों की 30 अप्रैल को मेंटिनेंस की जाएगी। इसलिए उपभोक्ताओं की आठ घंटे बिजली सप्लाई बंद रहेगी। फोरमैन जितेंद्र डांगी ने बताया कि दोनों पावर हाउसों की सप्लाई लाइनें क्षतिग्रस्त हैं। कई जगह पेड़ों की टहनियां तारों से टच हो गई, जिस कारण ब्रेक डाउन की समस्या बढ़ गई। इसलिए मंगलवार की सुबह 9 बजे दोनों पावर हाउसों की सप्लाई लाइनों की रिपेयर शुरू की जाएगी। पांच बजे तक रिपेयर प्रक्रिया को पूरा कर दिया जाएगा। इसके बाद उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से शेड्यूल के अनुसार बिजली मिल सकेगी।

## एक ही दिन में दो मौतें होने से कनीना में दौड़ी शोक की लहर

**कनीना।** कनीना नगरपालिका के निवर्तमान नगर पार्षद मुकेश मित्तल उर्फ रोकी का निधन हो गया। अस्वस्थ होने के कारण पिछले समय उन्हें जयपुर के अस्पताल में दाखिल कराया गया था, जहां रविवार सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। मई 2018 में वे वार्ड नम्बर सात से नगर पार्षद चयनित हुए थे। उसके बाद उन्होंने नपा चेयरमैन सतीश जेलदार से मिलकर शमशान घाट में कमरे का निर्माण, गैस संचालित शवदाह गृह, बैठने की बैंच, नाली, गलि निर्माण एवं स्ट्रीट लाईट लगवाने सहित अनेक विकास कार्य करवाए थे। 55 वर्षीय मुकेश रोकी नगरपालिका चेयरमैन सतीश जेलदार के सहपाठी होने के साथ-साथ उनकी टीम के कर्मठ व निष्ठावान सिपाही थे।

उन्होंने सतीश जेलदार कंधे से कंधा मिलाकर कार्य किया था। उनके निधन पर हलका विधायक सीताराम यादव, पूर्व सीपीएस अनिता यादव, एसडीएम सुरेंद्र सिंह, नपा सचिव समयपाल सिंह, चेयरमैन सतीश जेलदार, नगरपार्षद, मार्केट कमेटी के पूर्व चेयरमैन राजकुमार कनीनवाल, कंवरसैन वशिष्ठ, आलोक मित्तल, राहुल मित्तल, अनिल लीली, मुकेश नम्बरदार, रविंद्र बंसल, भीम गोयल, सुरेंद्र सिंह, अनिल कुमार, डॉ. विजय शर्मा, सचिन शर्मा, डॉ. पवन कांगडा ने शोक जताया है। दूसरी ओर कनीना मंडी निवासी सन्नी जूस वाले के पिता नरेश कुमार का भी असामयिक निधन हो गया। नरेश कुमार बीमार थे। जिन्होंने सोमवार सुबह अंतिम सांस ली। एक ही दिन हुए दो मौतों से मंडी में शोक की लहर दौड़ गई है।

## विस्फोटक पदार्थों के मामले में तीन आरोपित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

सीआईए पुलिस टीम ने अवैध माइनिंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सतनाली क्षेत्र से भारी मात्रा में विस्फोटक सामान बरामद किया है, पुलिस ने 391.96 किलोग्राम विस्फोटक पदार्थ, 190 डेटोनेटर और 750 मीटर वायर बरामद कर जब्त किए हैं। पुलिस ने अवैध माइनिंग के लिए विस्फोटक पदार्थ सप्लाई करने वाले आरोपित अजीत वासी मोड़ी थाना मेहाड़ा नीमकाथाना को गिरफ्तार किया है। सीआईए टीम ने मामले में विस्फोटक सामान भेजने वाले आरोपित मुकेश वासी दुधवा नांगलिया थाना मिहाडा जिला नीमकाथाना राजस्थान और विस्फोटक सामान मंगवाने वाले आरोपित सुरेंद्र वासी जेरपुर को गिरफ्तार किया है। आरोपित को न्यायालय में पेश किया गया। आरोपित अजीत और मुकेश को पुलिस रिमांड पर लिया है और आरोपित सुरेंद्र को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

सीआईए पुलिस टीम गस्त के दौरान खातोदड़ा बस स्टैंड पर मौजूद थी, उसी समय टीम को गुप्त सूचना मिली कि अजीत वासी मोडी थाना मिहाड़ा जिला नीमकाथाना राजस्थान अवैध माईनिंग के लिए बारूद व ब्लास्टिंग के सामान की सप्लाई करता है। आज भी बुलेरो गाड़ी में काफी मात्रा में डेटोनेटर, ब्लास्टिंग का सामान सप्लाई करने के लिए मुकेश वासी दुधवा से लेकर आ रहा है व सुरेंद्र वासी जेरपुर के पास पहुंचाएगा, अगर तुरंत नाकाबंदी कर चैकिंग की जाए तो विस्फोटक सामान सहित काबू आ सकता है। सूचना पर रैडिंग पार्टी तैयार कर गांव बलाना से ऊष्मापुर के रास्ते पर नाका बंदी कर चैकिंग शुरू कर दी, कुछ देर बाद एक बुलेरो गाड़ी गांव बलाना के अंदर से आती हुई दिखाई दी। जिसे रोकने का इशारा किया तो बुलेरो चालक भागने के लिए गाड़ी को वापिस मोड़ने लगा, जिसे काबू कर नाम पता पूछा तो चालक ने अपना नाम अजीत उपरोक्त बताया। टीम ने गाड़ी से भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ बरामद किया, जिसमें 391.96 किलोग्राम विस्फोटक पदार्थ, 190 डेटोनेटर और 750 मीटर वायर बरामद हुई। पुलिस ने विस्फोटक सामान को जब्त कर लिया।

### अध्यापक के साथ मारपीट करने वाले आरोपितों की गिरफ्तारी की उठाई मांग

**महेंद्रगढ़।** अटेली के गांव बिहाली के राजकीय प्राथमिक पाठशाला में कार्यरत अध्यापक राजेश कुमार पर आरोपित द्वारा जानलेवा हमला करने को लेकर राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने घोर निंदा की हैं। साथ हीं उन्होंने अध्यापक के साथ मारपीट करने वाले आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी की मांग उठाई है। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला प्रधान अनिल सिसोठिया ने कहा कि अध्यापक के साथ मारपीट करने को लेकर शिक्षक संघ घोर निंदा करता है और साथ ही पुलिस अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करके उनके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए।

### अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर उतरे कर्मचारी संगठन

# छह माह से नहीं मिला वेतन, सौंपा मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

केंद्रीय श्रमिक संगठन एआईयूटीयूसी के बैनर तले एआईयूटीयूसी से जुड़ी यूनियन ग्राम पंचायत ट्यूबवेल ओपरेटर यूनियन हरियाणा, ग्रामीण चौकीदार संगठन हरियाणा, ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन की ओर से ग्राम पंचायत ट्यूबवेल ऑपरेटर (जल कर्मी), ग्रामीण सफाई कर्मचारी, ग्रामीण चौकीदार को पिछले 6 महीनों का बकाया वेतन की मांग को लेकर जिला उपायुक्त के नाम ज्ञापन नगराधीश महोदय को सौंपा। नगराधीश महोदय ने 10 मई तक वेतन भुगतान का आश्वासन दिया। प्रशासन द्वारा ठोस आश्वासन दिए जाने के बाद धरना दिया जाना स्थगित कर दिया। इससे पहले लघु सचिवालय पार्क में ग्राम पंचायत ट्यूबवेल ऑपरेटर, ग्रामीण सफाई कर्मचारी व ग्रामीण चौकीदार एकत्रित हुए तथा जिला प्रशासन को पिछले 6 महीनों से बकाया वेतन भुगतान की मांग से अवगत कराए जाने व मिलने का निर्णय लिया। इस अवसर पर एआईयूटीयूसी जिला प्रधान मास्टर सुबेसिंह, ग्राम पंचायत ट्यूबवेल ऑपरेटर जिला प्रधान महेंद्र सिंह चौहान, ग्रामीण चौकीदार संगठन के उपप्रधान सुबेसिंह व राजसिंह ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के जिला संयोजक पवन कुमार नांगल सिरोही ने कहा कि हमें मजबूर होकर कनीना ब्लाक के गांवों में अपनी सेवाएं देने वाले बेहद मामूली वेतन पर काम करने वाले कर्मचारियों को पिछले 6 महीनों से बकाया वेतन भुगतान की मांग के लिए ज्ञापन देने पड़ रहे हैं। आज हम सभी कर्मचारी अपने की हुई ड्यूटी का वेतन दिलाने की मांग को लेकर लघु सचिवालय तक आने को बाध्य हुए हैं। इससे पहले यूनियन ने 22 मई को जिला उपायुक्त व कनीना एसडीएम, कनीना बीडीपीओ को भी वेतन दिलाने की गुहार लगा चुके हैं। इतने लंबे समय तक वेतन नहीं मिलने से ऐसे कर्मियों के परिवारों के सामने गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। नई फसल आ चुकी है, लेकिन ऐसे कर्मियों के पास परिवार के भरण-पोषण के लिए अनाज खरीदने के लिए भी पैसा नहीं है। स्कूलों में बच्चों का एडमिशन कराना, कापी-किताब दिलाना, किसी परिवारजन को ईलाज के लिए दवा दिलाना भी मुश्किल हो गया है। दुकानदार भी अब उधार में घरेलू सामान नहीं देते। इस प्रकार इन सब कर्मियों के परिवारों के सामने भूखे मरने की नौबत आ गई है। इस अवसर पर एआईयूटीयूसी जिला प्रधान मास्टर सुबेसिंह, ग्राम पंचायत ट्यूबवेल ओपरेटर यूनियन के जिला प्रधान महेन्द्र सिंह चौहान, राहुल, ग्रामीण चौकीदार संगठन के उपप्रधान सुबेसिंह, राजसिंह, ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के पवन कुमार, सोनू, सुभाष, शेरसिंह, मुकेश कुमार, विकास, संजय, मूलचंद, रणजीत, शेरसिंह व ग्राम पंचायत ट्यूबवेल ऑपरेटर यूनियन के सुरेंद्र कुमार, सुंदर, बुद्धराम, विक्रम, अमीलाल, संदीप, आनंद व मुकेश मौजूद रहे।













स्पेशल
वर्ल्ड लाफ्टर-डे, 5 मई

हंसी हमारे भीतर बैठे तनाव को खत्म ही नहीं करती, हमें कई तरह की बीमारियों से बचाकर स्वस्थ भी रखती है। अच्छी बात यह है कि हंसने के मामले में महिलाएं कुदरती तौर पर पुरुषों से कहीं आगे होती हैं, खुलकर हंसना उनके स्वभाव में होता है। इस बात की पुष्टि कई शोधों से मिलती है। महिलाओं पर हुए ये शोध किन बातों को आधार बनाकर हुए, यह जानते हुए हम भी यह मानें कि हंसी हजार नियामत है।

# पुरुषों से कहीं ज्यादा हंसती हैं महिलाएं

कवर स्टोरी / विमला रस्तोगी

किसी विद्वान ने कहा है, 'अगर तुम्हारे होंठों पर मुस्कान है और हृदय में एक कोई अच्छा गीत तो निश्चित रूप से तुम ऊंची आवाज में गाओ।' देखा जाए तो आज यही मुस्कान-हंसी बहुत दुर्लभ हो गई है। जिंदगी की आपा-धापी और तमाम तरह के तनावों के बीच आदमी हंसना भूलता जा रहा है।

## हंसी-खुशी के बदल गए हैं मायने

आज इंसान के लिए हंसी-खुशी के मायने बदल चुके हैं। धनी और अधिक पैसा कमाने की, मध्य वर्ग सीमित आमदनी में ढंग से रहने की और गरीब निर्धनता से मुक्ति पाने, जीने की कशमकश में लगा रहता है। धनी वर्ग क्लबों, पार्टियों और होटलों में हंसी खोजने जाता है। गरीब के लिए अपने बच्चों के पेट भरने पर ली जाने वाली चैन की सांस ही उसके होंठों की मुस्कान बन जाती है। आजकल चिंताएं बिना किसी रुकावट के बिन मांगे ही मिल जाती हैं, लेकिन हंसी दुर्लभ है।

## हंसी पर क्या कहते हैं शोध

व्यक्ति कब हंसता है? कितना हंसता है? आदमी ज्यादा हंसते हैं या महिलाएं? विदेशों में शोधकर्ता हंसी से संबंधित इन्हीं सब बातों पर शोध करने में लगे हैं। हंसने पर शोध करने वाले वर्जीनिया विश्वविद्यालय के वेड.सी. मैकी का कहना है कि अनेक स्थितियों में महिलाएं पुरुषों से जल्दी और अधिक हंसती हैं। लुइसियाना स्टेट विश्वविद्यालय के शोधकर्ता भी हंसी पर अनुसंधान कर रहे हैं। अपने शोध के दौरान इन शोधकर्ताओं ने ढाई मिनट तक दो पुरुषों की मनोरंजक बातचीत टेप की और उसे कुछ अकेले बैठे पुरुषों को सुनाया। इसी टेप को शोधकर्ताओं ने बाद में महिलाओं को सुनाया, जो अकेली बैठी थीं तो उन्होंने पाया कि अकेली बैठी महिलाएं उस टेप को सुनकर अकेले बैठे पुरुषों की अपेक्षा अधिक खुल कर हंसीं। शोध से यह भी निष्कर्ष सामने आया है कि महिलाएं अन्य महिलाओं के साथ मिलकर ज्यादा हंसती हैं, जबकि पुरुष अपने वर्ग में बैठ कर सामान्य स्तर तक ही हंसते हैं। अब आप ही बताएं, कहीं चार महिलाएं बैठी ठहाके लगा रही हों तो लोग क्यों जलते हैं? महिलाओं पर 'खाली बैठे ठठ्ठे मारने' का इल्जाम क्यों लगाया जाता है? ऐसा इल्जाम या हंसी के मामले में महिलाओं से जलन गलत है। क्या खुशमिजाज होना गलत है?



## एक हंसी दूसरी हंसी को जन्म देती है

अमेरिका में लुइसियाना के ग्रामीण क्षेत्रों में और वर्जीनिया के शहरी क्षेत्रों में किए गए एक अध्ययन के अनुसार एक हंसी दूसरी हंसी को जन्म देती है। वैसे हंसने में महिलाएं ज्यादा सक्रिय देखी जाती हैं। शोधकर्ताओं ने एक सड़क पर कुछ नियत शब्दों में वयस्कों का स्वागत किया। कभी हंस कर, कभी बिना हंसे। आमतौर पर हंसी का उत्तर हंसी में मिला, लेकिन महिलाएं पुरुषों से ज्यादा हंसीं। शोध में एक और निष्कर्ष निकला कि पुरुष यदि पुरुष को देखकर मुस्कराता है तो अच्छा रेस्पांस मिलता है। लेकिन पुरुष महिला को देखकर मुस्कराए तो प्रत्येक महिला हंसकर रेस्पांस नहीं देती, इसका कारण हमारे बनाए सामाजिक दायरे हैं। महिलाओं को देखना होता है कि वह कहां और किसके साथ हैं? कहीं कोई उन पर अंगुली ना उठा दे। लेकिन यह तय है कि हंसना महिलाओं के स्वभाव में है। इसलिए उन्हें टोकना नहीं चाहिए।

## सर्वत्र लागू होती है ज्यादा हंसने वाली बात

कोई कुछ भी कहे, महिलाएं कई मामलों में पुरुषों से बाजी मार ही लेती हैं। मसलन, पुरुषों की अपेक्षा महिलाएं बोलती ज्यादा हैं, लड़ती ज्यादा हैं, सहती ज्यादा हैं, रोती ज्यादा हैं, इसी तरह हंसती भी ज्यादा हैं। यह बात पूर्व-पश्चिम, उत्तर-दक्षिण सर्वत्र समान रूप से लागू होती है। अधिक हंसने की आदत के कारण कुछ महिलाओं के 'हंसमुखी' या 'फुलझड़ी' जैसे नाम पड़ जाते हैं।

## हंसी हजार नियामत

हंसने पर शोध की बात पर याद आती है अपनी एक परिचिता, जो हर बात पर हंसती है। हंसने वाली बात पर हंसे तो मुनासिब है, लेकिन वह दुख की बात पर भी हंस पड़ती है। उसका मानना है, दुख भी हंस कर सहो। अरे भई, हंस कर दुख सहने का यह मतलब तो नहीं कि हर समय बत्तीसी दिखाते रहो। क्या कहें उसे जो किसी को गिरता देख ले तो उसे हंसी आ जाए। गिरने वाला चाहे उसका भाई हो या पड़ोसी, जवान हो या बच्चा, किसी को बुरा लगे या भला, उसे कोई फर्क नहीं पड़ता। उसका कहना होता है, 'मैं क्या करूं, किसी को गिरता देख सबसे पहले मेरी हंसी ही छूटती है।' है न इस महिला की हंसी गजब की। काश! शोधकर्ता इस महिला पर शोध करते तो उन्हें खासे आंकड़े बदलने पड़ते। लेकिन जो भी कहा जाए, हंसी हजार नियामत है, हम खुद तो हंसें ही, दूसरों को भी हंसाकर उसे खुशी के पल दें।

# जब करें मजाक रखें इन बातों का ध्यान



अपनों के साथ हम मजाक करते ही हैं, यह हंसने-हंसाने का एक प्यारा-सा जरिया है। लेकिन मजाक कभी ऐसा ना करें कि सामने वाला हंसने के बजाय आहत हो। ऐसे मजाक बिल्कुल ना करें, जिसे आप स्वयं भी ना सह पाएं। मजाक एक सीमा में रहकर करें।

बिहेवियर / विवेक कुमार

बड़े-बुजुर्ग सही कहते हैं कि हंसी-मजाक एक सीमा तक ही अच्छे लगते हैं। अगर आपने इसकी हद पार कर दी तो यह हंसी-मजाक संबंधों के लिए घातक भी हो सकता है। आपने भी कई बार महसूस किया होगा कि किसी-किसी का मजाक आपके दिल में चुभकर रह गया। ऐसे तमाम किस्से भी सुने होंगे कि किसी ने, किसी दूसरे का इतना मजाक उड़ाया कि मजाक से पीड़ित व्यक्ति ने गुस्से में मजाक बनाने वाले से मारपीट तक कर ली। इसलिए जब भी किसी से मजाक करें, कुछ बातों का जरूर ध्यान रखें।

**सीमा पार ना करें :** मजाक हमेशा एक सीमा तक ही अच्छा लगता है। जैसे ही आपने किसी का मजाक बनाते हुए सीमाएं, मर्यादाएं पार कीं तो मजाक बनाए जाने वाला व्यक्ति बहुत अपमानित महसूस करता है। इसलिए जब भी किसी से मजाक करें, उसका सम्मान करते हुए महज मनोरंजन की सीमा तक ही यह करें। खास करके ऐसे व्यक्ति का तो मजाक कभी नहीं उड़ाना चाहिए, जो मजबूर हो और पलटकर आपको जवाब ना दे सके। इसी तरह किसी शख्स में अगर कोई जन्मजात कमी है, मसलन वह अंधा है, लंगड़ा है या वह बोल नहीं पाता, मोटा है, काला है, कद बहुत छोटा है, ऐसी शारीरिक स्थितियों का तो कभी भी मजाक नहीं उड़ाना चाहिए। क्योंकि ऐसे व्यक्तियों का जब कोई मजाक उड़ाता है तो वह मजाक उन्हें गुदगुदाता नहीं है, अपमानित महसूस कराता है।

**वही मजाक करें, जो आप भी सहन कर सकें :** किसी भी व्यक्ति का उन्हीं बातों और संदर्भों को लेकर मजाक उड़ाना चाहिए, जिन बातों और संदर्भों को लेकर किए गए मजाक को आप खुद भी सहन कर सकें। किसी का ऐसी किसी बात के लिए मजाक ना उड़ाएं जैसी बात के लिए आप खुद मजाक सहन नहीं कर सकतीं। हम यह ना भूलें, जब हम किसी का मजाक उड़ाते हैं तो इसका हमारे संबंधों पर असर पड़ता है। जब हम जिसका मजाक उड़ाते हैं, अगर उसके मन में यह भावना आती है कि आप उसका अपमान कर रही हैं, तो चाहे वह कितना अच्छा दोस्त हो, उससे आपके रिश्ते सलामत नहीं रहेंगे। मजाक से विश्वास और दोस्ती दोनों के टूटने का खतरा रहता है। भले कुछ लोग कहते हों कि मजाक करके वह माहौल को हल्का-फुल्का और तनावमुक्त बनाना चाहते हैं, लेकिन यह एक बड़ा झूठ है। जब हम किसी का मजाक उड़ाते हैं तो माहौल हल्का नहीं होता, उस व्यक्ति के लिए तो बहुत ही तनावभरा हो जाता है।

### क्या कहता है मनोविज्ञान



**मनोविज्ञान** के मुताबिक कोई स्वस्थ व्यक्ति किसी का मजाक नहीं उड़ा सकता। हां, अगर कोई ऐसा व्यक्ति जो वाकई मनोरंजन के लिए या माहौल को हल्का-फुल्का करने के लिए मजाक का सहारा लेता है, तो वह दूसरों की बजाय सबसे ज्यादा खुद का ही मजाक उड़ाता है। मनोविज्ञान यह भी स्पष्ट करता है कि दूसरो का मजाक उड़ाकर हम अपने आपको महत्वपूर्ण बनाने की कोशिश करते हैं। लेकिन ऐसी कोई कोशिश कभी सफल नहीं होती।

**लोगों को मौका ना दें :** जब कोई व्यक्ति पहली बार आपका मजाक उड़ाने की कोशिश करे और आपको लगे कि आप उससे आहत हो रही हैं तो तुरंत उसे टोक दें। अगर पहली बार में ही टोक देंगी तो वो भविष्य में ना सिर्फ आगे बढ़ने से रुक जाएगा बल्कि यहां से भी पीछे लौट जाएगा। अगर आपने उसे आगे बढ़ने दिया तो वह भविष्य में अगर पीछे लौटने का हौसला भी दिखाएगा तो बार-बार इससे पीछे भी हट जाएगा। किसी से दबकर तो अपना मजाक कभी भी नहीं उड़वाना चाहिए। क्योंकि अगर सामने वाले को लग गया कि आप उससे दबे हुए हैं, इसलिए उसकी मजाक को सहन कर रहे हैं तो वह फिर और दबाता जाएगा। यह कभी नहीं भूलें, मजाक हंसने-हंसाने के लिए होते हैं, दिल को दुखाने के लिए नहीं।

# अपने आप से क्यों रखें शिकायत

एडवाइस / विनीता

हर इंसान से जीवन में कोई ना कोई गलती हो जाती है। ऐसी गलती भी हो जाती है, जिसमें अपना ही नहीं, अपने किसी प्रिय का नुकसान हो जाता है। यह गलती जानबूझ कर नहीं, अनजाने में हो जाती है फिर भी हम अपने आपको दोषी मानते हैं। एक तरह से अपराधबोध से ग्रस्त हो जाते हैं। लंबे समय तक ऐसी मनःस्थिति मेंटल हेल्थ के लिए ठीक नहीं है, इससे जल्द से जल्द उबरना जरूरी है। लेकिन उबरें कैसे, जानिए-

**हमेशा खुद को दोषी ना समझें:** कुछ लोग किसी भी काम में कोई गलती होने पर खुद को दोषी मान लेते हैं, इन्हें अपने आपसे शिकायत हो जाती है। ऐसे लोग अपने आपको कोसने लगते हैं। ऐसी स्थिति में उनके व्यवहार में चिड़चिड़ापन आ जाता है। इसलिए अगर आपसे कभी कोई गलती हो भी जाए तो लगातार उसके बारे में सोचकर उदास-निराश होने के बजाय उसे सुधार कर आगे बढ़ जाएं।

**हीनभावना से बचें :** किसी गलती के लिए खुद को लंबे समय तक दोषी समझने या अपराधबोध से ग्रस्त होने के कारण मन में हीनभावना जन्म ले लेती है। इससे व्यक्ति को ऐसा लगता है कि वह दिमागी रूप से बहुत कमजोर है, इसी कारण अकसर उसी से ही गलतियां होती हैं। वह असक्षम है। अपने बारे में ऐसी बातें ना सोचें। यह तभी संभव होगा, जब आप अपने लिए कुछ अच्छा सोचेंगी। अपनी सोच सकारात्मक रखेंगी।



**स्वयं रखें अपना ध्यान:** आज की इस भागम-भाग वाली जिंदगी में लोगों के पास दूसरों के लिए समय नहीं है। अधिकांश लोग सिर्फ अपने बारे में सोचते हैं, इसलिए आपको अपना ध्यान खुद ही रखना होगा, तभी आप खुश रहेंगी, जीवन में कामयाब होंगी। इसके लिए आपको अपनी कमियों और गलतियों के प्रति सचेत रहना होगा, अपनी आदतों को निरंतर सुधारने की कोशिश करनी होगी।

**खुद को दें शाबासी:** हमेशा कुछ नया सीखने और करने का प्रयास करें। अपना आत्मविश्वास और आत्मबल बढ़ाएं। इसके लिए जब भी किसी कार्य में आपको सफलता मिले तो उसके बारे में सोचकर खुद पर गर्व महसूस करें। अपने आप को शाबासी भी दें। जब आप खुश होकर अपने बारे में सकारात्मक नजरिया रखेंगी तो आपके मन में खुद के प्रति कोई शिकायत नहीं रहेगी। **(मनोवैज्ञानिक विचित्रा दर्गन आनंद से हुई बातचीत पर आधारित)**

# मेनोपॉज के बाद ऐसे करें सेल्फ केयर

हेल्थ एडवाइस / अंजू जैन

हर महिला के जीवन में मेनोपॉज स्टेज के दौरान और उसके बाद कई फिजिकल-मेंटल चेंज होते हैं। इससे कई प्रॉब्लम्स हो सकती हैं। इसके लिए यहां दिए जा रहे सजेशंस आपके लिए यूजफुल हो सकते हैं।

आमतौर पर मेनोपॉज को हड्डियों की कमजोरी और ब्रेस्ट कैंसर की बड़ी वजह माना जाता रहा है, लेकिन सच यह है कि अगर ध्यान न दिया जाए तो मेनोपॉज महिलाओं के लिए कई अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का सबब भी बन सकती है।

**गम्स प्रॉब्लम:** नॉर्थ अमेरिकन मेनोपॉज सोसायटी की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर जोएन वी. पिंकर्टन कहती हैं, 'मेनोपॉज की स्थिति में जब महिलाओं में एस्ट्रोजन हार्मोन का लेवल कम हो जाता है तो उनमें दांत ढीले होने और गम्स प्रॉब्लम्स होने लगती हैं। कुछ महिलाएं ड्राइ माउथ, मसूढ़ों में जलन और दर्द भी महसूस करती हैं। ऐसे में उन्हें ओरल हाइजीन पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए।'



**स्लीप एप्निया:** विस्कोंसिन स्लीप कोहर्ट स्टडी के आधार पर पिंकर्टन बताती हैं कि मेनोपॉज के बाद महिलाओं में प्रोजेस्ट्रॉन हार्मोन का लेवल भी कम हो जाता है, जिससे ब्रीदिंग डिस्टर्ब होती है और स्लीप एप्निया की समस्या हो जाती है। कई महिलाओं में दिन में नींद ज्यादा आने, सिरदर्द और एंग्जायटी की समस्या होने लगती है।

**डायबिटीज:** अमेरिका की नेशनल हेल्थ स्टडी में वूमेंस हेल्थ इनीशिएटिव के मुताबिक जिन महिलाओं में 46 साल की उम्र से पहले या 55 साल के बाद मेनोपॉज होता है, उनमें टाइप 2 डायबिटीज का रिस्क बढ़ जाता है। गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. किरण कोएलो कहती हैं, 'एस्ट्रोजन हार्मोन ग्लूकोज लेवल को स्थिर रखता है। इस हार्मोन का स्तर कम होने पर शरीर में ग्लूकोज का संतुलन बिगड़ जाता है। साथ ही फैट भी ज्यादा जमा होने लगती है। इसके अलावा इससे पोलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम, हाई बीपी और जेस्टेशनल डायबिटीज का रिस्क भी बढ़ जाता है। इसलिए रेग्युलर चेक-अप करवाना चाहिए और ओवरवेट होने से भी बचें।'



**हार्ट डिजीज:** मेनोपॉज से पहले, एस्ट्रोजन हार्मोन से शरीर में अच्छे कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ती है, खराब कोलेस्ट्रॉल का लेवल कम होता है और हाई बीपी कंट्रोल होता है। लेकिन जब मेनोपॉज के कारण एस्ट्रोजन का लेवल कम होने लगता है तो हार्ट डिजीज का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में नियमित 30 मिनट की एक्सरसाइज, प्लांट बेस्ड डाइट लेना और स्मोकिंग से बचना जरूरी है।

**ईटिंग डिसऑर्डर:** इंटरनेशनल जर्नल ऑफ ईटिंग डिसऑर्डर्स में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक, मेनोपॉज के बाद महिलाओं में जो शारीरिक परिवर्तन आते हैं, उनसे ईटिंग डिसऑर्डर और नेगेटिव बॉडी इमेज की समस्या भी होती है। दरअसल, यह स्थिति सिर्फ शारीरिक ना होकर मानसिक और सामाजिक भी हो जाती है। महिलाओं के दिमाग में बेचैनी और उथल-पुथल होने लगती है। खुद को फिट और खूबसूरत दिखाने के लिए महिलाएं हेल्दी ईटिंग नहीं करतीं और डाइटिंग करने लगती हैं।

**यूरीनरी प्रॉब्लम्स:** स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर स्मिता गुटगुटिया के अनुसार, 'मेनोपॉज के बाद यूरीनेशन पर कंट्रोल कम होने की समस्या कई महिलाओं को होती है। ऐसा एस्ट्रोजन का लेवल कम होने से यूरेथ्रा के पतले होने के कारण होता है। साथ ही एजिंग, नॉर्मल डिलीवरी आदि के कारण पेल्विक फ्लोर मसल्स कमजोर होने से भी ऐसा होता है। साथ ही इस उम्र में बार-बार यूरीनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन भी होता है। इस समस्या से राहत के लिए कीगल एक्सरसाइज, पर्याप्त पानी पीना और गायनेकोलॉजिस्ट की सलाह से सावधानियां बरतना हेल्पफुल हो सकता है।'

# जब समर सीजन के लिए सेलेक्ट करें ड्रेस-एक्सेसरीज

सीजनल टिप्स / संध्या सिंह

गर्मी के मौसम में हर कोई ऐसी ड्रेसेस और एक्सेसरीज सेलेक्ट करना चाहता है, जिससे सुकून मिले। इसलिए इन पर ध्यान देना जरूरी है।

**सुकून देने वाले कलर्स :** अपनी ड्रेस कलर च्वाइस से भी आप गर्मी को मात दे सकती हैं। गर्मियों में डिजाइन कैसी भी हो, मैटेरियल कैसा भी हो लेकिन अगर कलर सुटेबल नहीं हो तो सुकून नहीं मिलता है, परेशान करने वाली बेचैनी बनी रहती है। इसलिए बेहतर है कि व्हाइट कलर ड्रेसेस को प्रेफरेंस दें। यह कलर गर्मी को सोखता नहीं है, उसे रिफ्लेक्ट कर देता है इसलिए गर्मियों में इस कलर की ड्रेसेस ही चुनें। डार्क और ब्लैक कलर ड्रेसेस को अवॉयड ही करें। ब्लू कलर भी ज्यादा यूवी किरणों को सोखता है, इसलिए इस मौसम में गहरे रंगों से दूर रहें। लाइट ग्रीन, ऑरेंज, यलो और स्काई ब्लू कलर ही इन दिनों सुकून पहुंचाते हैं।

**ऑफ शोल्डर टॉप-हाफ पैंट्स :** इस मौसम में बहुत चुस्त और फिटेड ड्रेसेस ना अच्छे लगते हैं और ना ही आरामदायक होते हैं। इस लिहाज से कॉटन मेड ऑफ शोल्डर टॉप और हाफ पैंट्स, उन टीनएज गर्ल्स और यंग वूमेन के लिए परफेक्ट ड्रेस है, जो गर्मियों में आउटिंग पर जा रही हों। हालांकि इसे फ्रेंड्स के साथ गेट-टू-गेदर में भी कैरी कर सकती हैं, क्योंकि इस ड्रेस में यंग वूमेन खूब फबती हैं। यह ड्रेस कॉम्बिनेशन मॉडर्न लुक तो देती ही है, इससे सुकून भी मिलता है। इसके अलावा लॉन्ग कुर्ती, प्लीटेड स्कर्ट, व्हाइट शर्ट, लिनेन जैकेट और कॉटन टी-शर्ट विद पलाजो, गर्मियों के लिए अच्छी च्वाइस हैं।



**हील्स को कहें बाय-बाय:** अप्रैल, मई और जून माह में उत्तर, मध्य और पश्चिम भारत में जिस तरह की गर्मी पड़ती है, वैसे मौसम में हाई हील्स को बाय-बाय कहने में ही समझदारी है। दरअसल, गर्मी के मौसम में देर तक हील्स पहनने से पैर की अंगुलियों पर बहुत दबाव महसूस होता है। इस दौरान लगातार हील्स पहनने से पैरों की शेप तक बिगड़ जाती है। चूंकि हील्स पहनने से सेंटर ऑफ ग्रेविटी का आगे की ओर खिसक जाता है, इसलिए खड़े होने पर न चाहते हुए भी पीठ झुक जाती है। यह कई बार असहनीय पीठ दर्द का कारण बन जाता है। इसलिए हील्स पहनने से बचें।

**कंफर्टेबल फुटवियर :** शॉर्ट ड्रेसेस की तरह गर्मी के मौसम में फुटवियर भी कंफर्टेबल ही पहनें। फुटवियर हमारे पैरों को राहत ही नहीं देते, ये हमें स्टाइलिश भी बनाते हैं। इसलिए स्नीकर्स पहनते समय जमीन से सटी सैंडिल या हाई हील्स की तरफ भूलकर भी ना देखें। बेचैन करने वाली गर्मियों में यह पक्का डिसाइड कर लें कि इस मौसम में जो कुछ पहनेंगी कंफर्टेबल ही पहनेंगी।

**पैरों को दें नमी :** शॉर्ट ड्रेस पहनते समय पैरों की त्वचा का ध्यान रखना जरूरी है क्योंकि इनमें ज्यादातर समय पैर सीधे धूप, मिट्टी और गर्म हवाओं को सहते हैं। इसलिए अपने पैरों को इन परेशानियों से बचाने के लिए लेग्स को नियमित मॉयश्चराइज करती रहें वरना आपके पैरों की स्किन ड्राय और डल हो जाएगी।

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से।
हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

## खबर संक्षेप

### रास्ता रोककर मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने रास्ता रोककर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पीड़ित के बयान पर 9 अप्रैल को विभिन्न धाराओं तहत केस दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू की गई थी। जांच के बाद नीलगिरी कॉलोनी निवासी रवि को इस मामले में गिरफ्तार किया गया है। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट व धमकी देने के आरोपी गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-6 थाना पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मारपीट में घायल के बयान पर 14 अप्रैल को केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद आकेड़ा निवासी साहिल और राहुल को गिरफ्तार किया गया है। बाद में दोनों को बेल पर रिहा कर दिया।

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

**जाटूसाना।** थाना जाटूसाना पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार हुए एक गाड़ी चालक को गिरफ्तार किया है। 25 अप्रैल को थाना क्षेत्र में हुए हादसे के बाद गाड़ी चालक फरार हो गया था। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की थी।


## नारनौल-दादरी स्टेट हाईवे 148-बी का निर्माण कार्य अभी अधूरा

# स्टेट हाईवे का निर्माण पूरा होते ही लोगों ने बनाए 13 अवैध कट

एचएसआइआइडीसी की ओर से शहर के अंदर से गुजर रहे स्टेट हाईवे पर छोड़े गए थे चार कट लोगों ने निजी स्वार्थ के लिए तीन किलोमीटर के दायरे में बना दिए 13 अवैध कट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

**वाहनों की तेज रफ्तार के कारण आए दिन हो रहे हादसे**


महेंद्रगढ़। एसडी कोचिंग सेंटर के पास छोड़ा गया कट। फोटो : हरिभूमि

शहर के अंदर से गुजर रहे स्टेट हाईवे 148-बी पर लोगों द्वारा निजी स्वार्थ के लिए बनाए अवैध कट के कारण कभी बड़ा हादसा हो सकता है। अवैध कट के कारण आए दिन स्टेट हाईवे पर वाहनों की भिडंत होती रहती है। बता दें कि कुछ दिन पहले स्टेट हाईवे का निर्माण कार्य पूरा हुआ है। जबकि रिवासा फ्लाईओवर का निर्माण जारी है। शहर के अंदर से गुजर रहे स्टेट हाईवे पर एचएसआइआइडीसी की ओर से शहर के राव तुलाराम चौक, सतनाली मोड, कोर्ट के समीप व कैंची मोड पर कट छोड़े गए थे, लेकिन अब शहर के लिए लोगों की ओर से अपने निजी स्वार्थ के लिए सड़क के बीच बनाए गए डिवाइडर को तोड़ना शुरू कर दिया है। लोगों द्वारा तीन किलोमीटर के दायरे में मनमर्जी से 13 अवैध कट बना दिए हैं। स्टेट हाईवे से प्रतिदिन 10 हजार वाहन गुजरते हैं। वाहनों की रफ्तार अधिक होती है। ऐसे अवैध कट से बिना देखे अपने वाहनों को मोड़ देते हैं। ऐसे में वाहनों की रफ्तार अधिक होने के कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। जिला प्रशासन के अधिकारियों को स्टेट हाईवे में बढ़ रहे अवैध कटों को रोकने की आवश्यकता है। नहीं तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

### इन स्थानों पर बनाए गए हैं अवैध कट

रिवासा फ्लाईओवर से लेकर राव तुलाराम चौक की 500 मीटर के दूरी लोगों द्वारा दो अवैध कट बना दिए गए हैं। इसके बाद राव तुलाराम चौक से कॉलेज से 11 अवैध कट बना दिए गए हैं। इसके अलावा कैंची मोड तक दो अवैध कट बना दिए गए हैं। यह कट एक माह के दौरान ही बनाए गए हैं। जिला प्रशासन का बढ़ते अवैध कट की ओर कोई ध्यान नहीं जा रहा हैं। अवैध के कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता हैं। वहीं शहर का राव तुलाराम चौक, सतनाली चौक, रिवासा फ्लाईओवर व कैंची चौक चौराहे पर सर्कल नहीं बनाया गया है। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद यहां से तेजी से वाहन गुजर रहे हैं, जिससे कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है।

## डॉ. मोनिका बनी बागवानी विभाग की अधिकारी

- आरपीएस विद्यालय की छात्रा रह चुकी है मोनिका खिंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़


डॉ. मोनिका

आरपीएस विद्यालय की एलुमनाई डॉ. मोनिका बागवानी विभाग में अधिकारी के पद पर चयनित हुई है। विद्यालय की छात्रा की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के गणमान्य लोगों के साथ-साथ आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव, प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी सहित विद्यालय प्रबंधन ने भी छात्रा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बता दें कि गांव खुडाना निवासी डॉ. मोनिका खिंची एक साधारण किसान परिवार से संबंध रखती है। उनके पिता नरेंद्र कुमार राजकीय विद्यालय पालड़ी में अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। इनकी एक बहन ग्रहिणी, दूसरी बहन केंद्रीय सरकार में सीनियर ऑडिटर तथा तीसरी बहन मेडिकल ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं। इनका छोटा भाई योगेश कुमार भी डॉ. मोनिका के कदमों का अनुसरण करते हुए एमएससी हॉर्टिकल्चर विषय से शोधरत है। डॉ. मोनिका ने मेडिकल संकाय से 12वीं की कक्षा आरपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल खातोद से करने के बाद बीएससी एग्रीकल्चर जयपुर यूनिवर्सिटी तथा एमएससी और पीएचडी चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हिसार से की। डॉ. मोनिका पहले ही प्रयास में जिला बागवानी अधिकारी के पद पर नियुक्त हुई है, जो क्षेत्र के साथ-साथ सभी के लिए गौरव की बात है। मोनिका पढ़ने में शुरू से ही होशियार रही है तथा यूनिवर्सिटी में भी वह प्रथम स्थान पर रही। बीते वर्ष केंद्रीय स्तर पर आयोजित एग्रीकल्चर विषय की संगोष्ठी में बनारस विश्वविद्यालय में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करते हुए जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया है।

### हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में आज रात सुंदरकांड पाठ

**नारनौल।** श्री मेहंदीपुर बालाजी मित्र मंडल द्वारा साप्ताहिक निःशुल्क सुंदरकांड पाठ मंगलवार रात शारीरिक शिक्षक अरुण कौशिक के निवास स्थान हाउसिंग बोर्ड गली नंबर दो में किया जाएगा। जानकारी देते हुए मंडल के सदस्य राकेश गुप्ता ने बताया कि सुंदरकांड पाठ की अध्यक्षता मंडल के प्रधान महावीर प्रसाद अग्रवाल करेंगे। सुंदरकांड पाठ के बाद भजनों का दौर शुरू होगा, जिसमें शहर की गायक कलाकार भजनों से बालाजी महाराज का गुणगान करेंगे।

## सुंदरकांड पाठ में बही भजनों की रसधारा

- मंगल भवन अमंगल हारी से बालाजी की महिमा का गुणगान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल


नारनौल। सुंदरकांड पाठ में भजन प्रस्तुत करते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

बीती रात्रि किला रोड पर मित्तल वाली गली भक्त शिरोमणि श्री कड़ियां वाले हनुमान जी का सुंदरकांड पाठ हुआ। सुंदरकांड पाठ के मुख्य यजमान घनश्याम गर्ग, रजनी गर्ग व मयंक गर्ग परिवार थे। सर्वप्रथम पांडे सत्यनारायण ने नवग्रह, गणेश, बांके बिहारी, राधा-कृष्ण एवं बालाजी महाराज का पूजन करवा कर मुख्य यजमान से पावन पवित्र ज्योत प्रज्ज्वलित करवाई। उसके पश्चात पंडित मनोज निर्मल ने हनुमान चालीसा से पाठ का शुभारंभ किया। भजन आना पवन कुमार हमारे हरि कीर्तन में भजन के माधयम से हनुमान जी का आह्वान। बालाजी के पाठ में विशेष रूप से जयपुर से राधिका, सचिन सिंघानिया एवं क्रिशा ने शामिल होकर बालाजी का आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ में मुख्य यजमान घनश्याम गर्ग के जन्म उत्सव पर केक काट कर मनाया एवं कड़ियां वाले मंदिर के पुजारी पंडित नरेंद्र निर्मल ने बाबा का आशीर्वाद सभी को दिया। उसके पश्चात सुरेंद्र गोयल ने मंगल भवन अमंगल हारी से बालाजी की महिमा का गुणगान किया। चेतन जिंदल ने राम नाम के हीरे मोती से श्रीराम की महिमा बताई। मास्टर सुरेश ने गीता पढ़ेंगे और पढ़ाएंगे भजन के माध्यम से गीता जी का गुणगाण किया। अनिल लक्खा ने धमाल सुनाकर सभी को नाचने के लिए मजबूर कर दिया। इस अवसर पर हिमांशु सिंघल, राकेश यादव, नरेश अग्रवाल, पवन कुमार गुप्ता, रविंद्र सिंह मटरु, राजकुमार चौधरी, जोगिंद्र अग्रवाल, आदि मौजूद रहे।

### आमजन को लाभ देने वाले काम करते रहने चाहिए : डॉ. आभीर

**मंडी अटेली।** रिटायर्ड डीसीपी एलएन राव ने अपने गांव राजपुरा में अपने माता-पिता की याद में एक भव्य धर्मशाला का निर्माण करवाया, जिसका ग्रामीण लाभ उठा सकेंगे। इस धर्मशाला का उद्घाटन योगीराज डॉ. ओमप्रकाश महाराज व आईएएस अधिकारी डॉ. जय कृष्ण आभीर ने रिबन काट कर किया। इस मौके पर नारनौल के पूर्व में डीसी रह चुके डॉ. जय कृष्ण आभीर ने अपने संबोधन में कहा कि धार्मिक कामों में लोगों को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। धर्मशाला हर जरूरतमंद लोगों के काम आएगी। विवाह में गरीब लोगों को गार्डन व टैंट लगवाने का भारी भरकम रुपये नहीं देने पड़ेंगे। इस धर्मशाला में वे सब सुविधा होंगी, जो एक समारोह स्थल में होती हैं। धर्मशाला जिसके नाम में ही धर्म लगा हो, उससे अधिक धर्म का काम क्या हो सकता है।

## हिन्दी लेखन के विजेताओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़


महेंद्रगढ़। प्रतियोगिता में विजेताओं को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित करते हुए।

श्रीकृष्णा स्कूल में सोमवार को हिन्दी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा दूसरी से पांचवीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राइमरी हेड नत्थूराम ने बताया कि प्रतियोगिता में मुख्यातिथि सीईओ कर्मवीर राव व विशिष्ठ अतिथि डायरेक्टर यशवंत यादव उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता प्राचार्य वीरेंद्र सिंह ने की। प्रतियोगिता में कक्षा दूसरी से प्रज्ञा व कशिश प्रथम, प्रेनीत व तनिष्का ने दूसरा व वन्या व यश ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

कक्षा तीसरी से मोक्ष व खुशी प्रथम, लतिका व भावेश ने दूसरा व प्रिंस व जितेश ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा चौथी से जय व सुर्यांश प्रथम, कीर्ति व यशवी ने दूसरा व रिधी व रिषिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा पांचवीं से राखी व भाविका प्रथम, छविकांत व रिया ने दूसरा तथा पलक व विवान ने तीसरा स्थान प्राप्त कर हिंदी लेखन प्रतियोगिता में उत्तीर्ण रहे। सीईओ कर्मवीर राव ने कहा कि लेखन कला विद्यार्थी जगत का आधार है। लेखन की बनावट विद्यार्थी जीवन की पहचान है। एक सुन्दर अभिव्यक्ति सुन्दरता भरे लेख से ही प्रदर्शित होती है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को लेखन को अपनी ताकत बनानी चाहिए। लिखावट विद्यार्थी जीवन की अनमोल धरोवर है तथा प्रत्येक विद्यार्थी को अपने जीवन में लेखन के महत्त्व को समझना चाहिए। डायरेक्टर यशवंत राव ने कहा कि इस तरह के प्रतियोगिता के आयोजन से विद्यार्थियों में बौद्धिक विकास की उत्पत्ति होती है। प्राचार्य वीरेंद्र सिंह कहा कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्म विश्वास पैदा करना है तथा हिंदी के शब्दों से अवगत करवाना है। प्रतियोगिता के अंत में विजेताओं को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर स्कूल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



### सेवा भारती शहर में लगाएगी फिजियोथैरेपी कैंप

**नारनौल।** सेवा भारती की नारनौल शाखा द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष अशोक सिंघल ने की। बैठक में एसएस जैन सभा एवं सेवा भारती शाखा द्वारा एक एक्यूप्रेशर एवं फिजियोथैरेपी सेंटर मोहल्ला देवस्थान नजदीक चेतीवाली कुई के पास लगाने का निर्णय हुआ, जिसमें शहर में लोगों को विशेष रियायतों पर यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। शाखा के अध्यक्ष अशोक सिंघल ने कहा कि इस सेंटर में फिजियोथेरेपी, एक्यू प्रेशर थेरेपी व सुजोक थेरेपी की सेवाएं दी जाएगी। आज की बैठक में विशेष रूप से आमंत्रित जिले के सुप्रसिद्ध नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ डॉ. जगबीर यादव ने पहुंच कर सेवा भारती को साधुवाद कर उत्सवर्धन किया। उन्होंने कहा कि नर सेवा से बढ़ कर दूसरी कोई सेवा नहीं है। उन्होंने कहा कि इस पुनीत कार्य में उनके द्वारा हर प्रकार का सहयोग मिलता रहेगा। सेवा भारती के वरिष्ठ सदस्य अश्वनी कटारिया ने कहा कि सेवा करना प्रत्येक मनुष्य का उत्तरदायित्व होना चाहिए। फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. बिरेंद्र ने कहा कि एक्यूप्रेशर और फिजियोथेरेपी कोई मामूली थेरेपी नहीं है।

## पुलिस ने छात्राओं को पढ़ाया जागरुकता का पाठ

- महिला संबंधी अपराधों तथा गुड व बैड टच के बारे में जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल


नारनौल। छात्राओं को जागरूता का पाठ पढ़ाती इंस्पेक्टर मीनाक्षी।

जिले के विभिन्न स्कूलों, शैक्षणिक संस्थानों व सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे महिला जागरूकता अभियान के तहत राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अध्यनरत छात्राओं को साइबर अपराधों, महिला संबंधी अपराधों तथा गुड टच बैड टच के बारे में जागरूक किया गया। दुर्गा शक्ति इंचार्ज निरीक्षक मीनाक्षी और उनकी टीम द्वारा जानकारी देकर जागरूक किया गया।

इस अवसर पर छात्राओं के अलावा स्कूल स्टाफ भी उपस्थित रहा। टीम ने बताया कि एक पढ़ी-लिखी नारी अपने अधिकारों को जानती है और वह किसी भी प्रकार के शोषण के विरुद्ध अपनी आवाज उठाने में समर्थ होती है। इसलिए आवश्यक है कि प्रत्येक बच्चे को अपने अधिकारों का ज्ञान होना चाहिए, ताकि वह इस समाज की बुराइयों से लड़ सके और अपने हक के लिए आवाज उठा सकें। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को सोशल मीडिया से होने वाले क्राइम से सावधान रहने व साइबर क्राइम से जागरूक रहने की आवश्यकता है। इसके साथ ही विद्यार्थियों को गुड व बैड टच के बारे में जागरूक करते हुए उन्हें बताया कि यदि कोई भी व्यक्ति ने गलत तरीके से स्पर्श करने की कोशिश करता है तो उसके बारे में अपने परिजनों को बताएं, क्योंकि यदि वह इसका विरोध नहीं करेंगे, वह फिर से उनके साथ गलत हरकत करने की कोशिश करेगा। पुलिस द्वारा गुड टच बैड के प्रति जागरूकता अभियान चलाकर विद्यार्थियों को इसकी जानकारी दी जा रही है। इसलिए यदि कोई भी व्यक्ति उन्हें गलत तरीके से छूने की कोशिश करता है तो चुप रहकर इसे सहन करने की कोशिश न करें, क्योंकि यह आगे चलकर उनके शोषण का कारण बन सकता है। टीम ने बताया कि महिला तथा बच्चों की सुरक्षा के लिए पुलिस द्वारा 1091 तथा 1098 नंबर जारी किया गया है, साईबर ठगी के लिए 1930 नम्बर जारी किया हुआ है। पुलिस की डायल 112 सेवा के बारे में भी अवगत कराया गया और उपस्थित छात्राओं को बताया गया कि किसी भी आपात स्थित में तत्काल पुलिस को सूचित करें। जिन पर संपर्क करके आप महिला विरुद्ध होने वाले अपराधों के बारे में पुलिस को सूचित कर सकते हैं। पुलिस द्वारा सूचना मिलते ही तुरंत कार्रवाई की जाएगी और अपराधी को जल्द से जल्द सजा दिलवाकर पीड़ित को न्याय दिलवाया जाएगा।



### प्राइमरी टीचर एसोसिएशन का पुनर्गठन किया

**नारनौल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाछौद के प्रांगण में हरियाणा प्राइमरी टीचर एसोसिएशन (2197) की अटेली खंड कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। इस चुनाव में जिला प्रधान कृष्ण कुमार नंगली की निगरानी में श्योकरण चंदेला तथा नांगल चौधरी खंड प्रधान विजय दलाल बतौर पर्यवेक्षक मौजूद रहे। कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चुनाव किया गया, जिसमें मनोज सोलंकी प्रधान, पवन कुमार को उपप्रधान, संदीप शर्मा को सचिव, लक्खी चंद को कोषाध्यक्ष, भरत सिंह को ऑडिटर एवं राजेंद्र यादव को प्रेस सचिव चुना गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारी को जिला प्रधान कृष्ण कुमार नंगली ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। अंत खंड प्रधान मनोज ने सभी को विश्वास दिलाया कि खंड अटेली में छात्र व अध्यापक हित के कायार्ें में सदैव बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। इस मौके पर रघुवीर सिंह मुख्य शिक्षक, सोमदत्त, राम सिंह, कर्मवीर, चंदन, संदेश, गुलशन व सुनील कुमार समेत अनेक शिक्षक मौजूद रहे।

**प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित**

## पावर लिफ्टिंग में प्रमोद ठाकुर ने पाया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल


नारनौल। पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते हुए।

शहर में मासिक पावर लिफ्टिंग भारती जिम, युवा साथी ग्रुप, उड़ान जनसेवा ट्रस्ट ढाणी बाठोठा की ओर से भारती जिम में पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता कराई गई। बालक वर्ग के विभिन्न भार वगार्ें में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। इस दौरान 70 किलोग्राम भार वर्ग में साहिल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रथम रहे खिलाड़ी को प्रोटीन, मेडल दूसरे स्थान पर वैभव रहे। खिलाड़ी को मल्टी विटामिन व मेडल प्रदान किए गए। तृतीय स्थान पर गर्वित शर्मा रहे खिलाडी को सर्टिफिकेट व मेडल दिया गया। बालक वर्ग के 40-50 किग्रा भार वर्ग में गुलशन प्रथम, हर्ष द्वितीय और प्रियांशु ने तीसरा स्थान पाया। 51-60 किग्राभार वर्ग प्रमोद ठाकुर पहले, कन्हैया द्वितीय और निखिल सैनी पुरानी सराय तीसरे स्थान पर रहे। 61-70 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम स्थान साहिल दया नगर द्वितीय स्थान पर शिवा सोनी तृतीय स्थान पर धोनी महेंद्रगढ़ रहे। 71+किग्रा भार वर्ग में साहिल सैनी प्रथम, वैभव सिंगल द्वितीय, गर्वित शर्मा ने तृतीय स्थान पाए। इस मौके पर भारती जिम के संचालक रवि भारती ने बताया कि संस्थाएं प्रत्येक माह के आखिरी रविवार को बालकों की प्रतियोगिता करवाई जाती है। आयु वर्ग के अनुसार कोई भी खिलाड़ी हिस्सा ले सकते हैं। इससे खिलाड़ियों में खेल की भावना के साथ ही मेहनत करने की लगन पैदा होती है। जीवन चुनौतियों और अवसरों से भरा है, लेकिन सफलता उन्हीं के हिस्से में आती है जो अवसर को प्राप्त करने और चुनौतियों का सामना करने के लिए संघर्ष करते हैं। कड़ी मेहनत और समर्पण से उन्होंने सफलता पाई है। जो सफलता की यात्रा का एकमात्र मंत्र है। नशीली दवाओं का दुरुपयोग युवाओं की एक प्रमुख समस्या है। वे खुद को प्रभावित करने वाली अन्य समस्याओं से निपटने के लिए नशीली दवाओं का उपयोग करते है और इसके आदी हो जाते है। साथियों के दबाव या ख़राब पालन-पोषण के कारण भी नशीली दवाओं की लत लग जाती है।

## सिहमा में चलाया जल जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली


मंडी अटेली। सिहमा में जल जागरुकता अभियान के दौरान पानी की जांच करते हुए। फोटो :

खण्ड सिहमा में सोमवार को जनस्वास्थ्य विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन द्वारा जल जागरूकता अभियान चलाया गया। इस मौके पर बीआरसी धर्मेंद्र गुर्जर ने बताया कि सिहमा में नहर आधारित पेयजल सप्लाई प्रदान की जा रही है, जिसके तहत पानी को अच्छी तरह से शुद्ध करके पीने योग्य बनाकर घर-घर नल के माध्यम से जल पहुंचाया जा रहा है, ताकि आमजन को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। इसके साथ ही गर्मी के मौसम में पेयजल की मांग में बढ़ोतरी होती है, जो उपभोक्ता पेयजल की बर्बादी करते हैं, उनकी वजह से गांव में काफी घरों में पानी नहीं पहुंच पाता है। इसके साथ ही फील्ड टेस्टिंग किट के माध्यम से जीवाणु परीक्षण विधि के बारे में बताया गया व पानी में टीडीएस की जांच की गई व लोगों को पानी के एक-एक बूंद का सम्मान करने व बचाने के लिए प्रेरित किया गया। पेयजल से संबंधित शिकायत निवारण हेतु टोल फ्री नंबरः 18001805678 के बारे में अवगत कराया गया।

**NOTICE**

I, Service No.692027-K Ex WO Surender Singh Yadav R/o Village-Sigra, Distt. Mahendergarh (Haryana). In my service record my son name is Sudesh Yadav. Which is incorrect. Correct name is Sudesh Kumar and DOB is 23.08.1994.

## खबर संक्षेप

### रास्ता रोककर मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने रास्ता रोककर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पीड़ित के बयान पर 9 अप्रैल को विभिन्न धाराओं तहत केस दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू की गई थी। जांच के बाद नीलगिरी कॉलोनी निवासी रवि को इस मामले में गिरफ्तार किया गया है। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट व धमकी देने के आरोपी गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-6 थाना पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मारपीट में घायल के बयान पर 14 अप्रैल को केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद आकेड़ा निवासी साहिल और राहुल को गिरफ्तार किया गया है। बाद में दोनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### हुड़दंगबाजी करने के आराप में पांच युवक काबू

**भाड़ावास।** पुलिस चौकी ने सार्वजनिक स्थान पर हुड़दंगबाजी करते हुए लोगों की शांति भंग करने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार कनुका निवासी जितेन्द्र, जैतड़ावास निवासी मयंक, बेरवाल निवासी संदीप, मोहित व साहिल एक ढाबे के पास आपस में गाली-गलौज करते हुए लोगों की शांति भंग कर रहे थे। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर पांचों को गिरफ्तार कर लिया। उनके खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया। बाद में आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर गया।

### बाइक खड़ी करने को लेकर देवर-भाभी से मारपीट

**रेवाड़ी।** गांव करावरा मानकपुर में गली में खड़ी बाइक को लेकर कुछ लोगों ने देवर-भाभी पर हमला कर दिया। रोहड़ाई थाना पुलिस को दी शिकायत में करावरा मानकपुर के होशियार सिंह ने बताया कि बीती शाम को वह अपनी भाभी अनीशा के साथ बाइक पर सवार होकर पुराने घर पहुंचा था तथा बाइक को घर के बाहर खड़ी कर सामान लेने के लिए अंदर चले गए। तेज होर्न की आवाज सुनकर वह बाहर आया और बाइक को साइड करने लगा।कुछ बाइक सवारों ने उसके साथ झगड़ा शुरू कर दिया।

# सुपर 100 की परीक्षा का दूसरा चरण शुरू, जिले से लेवल-1 में चयनित 71 विद्यार्थी देंगे लेवल-2 की परीक्षा, जिनमें 39 छात्राएं और 32 छात्र शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

छह फरवरी को सुपर 100 के पहले चरण की परीक्षा आयोजित की गई थी। सुपर 100 लेवल-1 के परीक्षा परिणाम में महेंद्रगढ़ जिले के 71 विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। इनमें से 32 छात्र एवं 39 छात्राएं है। अब ये विद्यार्थी सुपर 100 लेवल- 2 की परीक्षा देंगे। इस बार विकल्प फाउंडेशन की ओर से कुरुक्षेत्र में प्रशिक्षण दिया जाएगा। संस्थान की ओर से रेवाड़ी में चल रहे केंद्र को कुरुक्षेत्र में शिफ्ट किया गया है। पहले चरण में प्रदेश भर से 2029 विद्यार्थियों ने परीक्षा पास की थी, अब दूसरे चरण में प्रत्येक विद्यार्थी को केंद्र में तीन दिन तक रहकर कक्षा लगानी होगी और इसके बाद वहां उसकी परीक्षा होगी। इस चरण को पास करने वाले विद्यार्थी ही सुपर 100 योजना का लाभ उठा पाएंगे। जिला विज्ञान विशेषज्ञ रविन्द्र कुमार ने बताया कि महेंद्रगढ़ जिले से सुपर-100 कार्यक्रम 2024-26 लेवल-2 की परीक्षा के लिए 71 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। विकल्प संस्थान द्वारा सूची में सम्मिलित सभी विद्यार्थियों को लेवल-2 की परीक्षा के लिए विकल्प फाउंडेशन के कुरुक्षेत्र परिसर में बुलाया गया है।

**खास बातें**

- सुपर 100 का पहला चरण पास करने वाले विद्यार्थियों का अब दूसरे चरण का पेपर होगा
- प्रदेशभर से सुपर 100 के लिए 2029 विद्यार्थियों का किया गया है चयन

### दूसरे चरण में प्रत्येक विद्यार्थी को केंद्र पर तीन दिन लगानी होगी क्लास

जिले के विद्यार्थियों का तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण एक मई से तीन मई 2024 तक विकल्प फाउंडेशन गांव बारना, ढांड कुरुक्षेत्र रोड कुरुक्षेत्र में प्रदान किया जाएगा। सुपर 100 लेवल-2 की परीक्षा के लिए सभी चयनित विद्यार्थी तीन दिनों के लिए विकल्प फाउंडेशन के परिसर में उपस्थित रहेंगे, जहां उन्हें गणित और विज्ञान के विषयों का अध्ययन कराया जाएगा। आखिरी दिन एक परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस प्रक्रिया के दौरान कक्षाओं के साथ-साथ विद्यार्थियों के व्यवहार पर भी शिक्षकों की नजर रहेगी। लेवल-2 परीक्षा का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों की परीक्षा लेना ही नहीं, बल्कि उनके व्यवहार और शिक्षा के प्रति समर्पण को परखना भी है। विद्यार्थी कक्षा में कितना ध्यान केंद्रित करते है और पढ़ाई को लेकर उनकी रूचि कितनी है, इसका भी निरिक्षण




सुपर-100 के अध्यापक करेंगे ताकि वे मेधावी विद्यार्थियों का चयन कर सके। इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थी सुपर 100 बैच 2024- 26 का हिस्सा बनेंगे। इस परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड वेबसाइट का लिंक जारी किया जा चुका है। लिंक पर जाकर अपने एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते है। 10वीं की बोर्ड परीक्षा का एडमिट कार्ड एवं अपना जरुरी सामान साथ लेकर आए तथा कोई महंगा सामान साथ ने लें।

**क्या कहते है डीईओ**

जिला शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त ने बताया कि सभी खंड शिक्षा अधिकारियों से अपने खण्ड से लेवल-2 के लिए चयनित किए गए संबंधित विद्यार्थियों को एक मई 2024 को विकल्प फाउंडेशन कुरुक्षेत्र परिसर में पहुंचने बारे सूचित करने के लिए निर्देश दे दिए गए है। उन्होंने बताया कि सुपर-100 लेवल-2 परीक्षा को उत्तीर्ण करने वाले परीक्षार्थियों को सुपर-100 बैच 2024-26 के लिए चुना जाएगा। चयन होने पर विद्यार्थियों को इस योजना के तहत मुफ्त कोचिंग प्रदान की जाएगी।

### वाहन चालकों में आगे निकलने की रहती है होड

# ट्रैफिक लाइट वर्षों से खराब, शहर की ट्रैफिक व्यवस्था चरमराई

**शहर के लोगों ने प्रशासन से लाइटों को ठीक कराने उठाई मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

शहर के राव तुलाराम चौक व माजरा चुंगी पर ट्रैफिक लाइट काफी वर्षों से खराब पड़ी है, जिससे चौक पर यातायात अव्यवस्थित रहता है और वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यहां से रोजाना हजारों वाहनों का आवागमन होता है। वाहन चालकों में एक-दूसरे से पहले चौक पार करने की होड़ लगी रहती है। इसलिए जल्दबाजी में कई बार वाहन चालक सामने के वाहनों से टकरा जाते हैं और हादसे का शिकार हो जाते हैं। इसके अलावा कई बार चौक पर जाम की स्थिति बन जाती है। शहर के लोगों ने प्रशासन से लाइटों को ठीक कराने की मांग की है। बता दें कि शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए नगर पालिका ने शहर में दो जगह ट्रैफिक लाइट लगवाई गई थी।


महेंद्रगढ़। राव तुलाराम चौक पर ट्रैफिक लाइट टूटकर पड़ा पोल।


महेंद्रगढ़। राव तुलाराम चौक पर खराब पड़ी ट्रैफिक लाइट।

करीब डेढ दशक से भी अधिक समय पहले लगाई गई ट्रैफिक लाइट शो पीस बनी हुई है। इसके अलावा कई जगह पर ट्रैफिक लाइट के पोल टूटकर पड़े हुए हैं। दूसरी तरफ रेड लाइट खराब होने के कारण शहर की ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा रही है।

#### हो रही परेशानी

इससे शहर में आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। इससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रेड लाइट चालू नहीं होने के कारण चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस के दो से तीन कर्मचारी तैनात होते हैं। अगर इन दोनों चौराहों पर रेड लाइट चालू हो जाती है तो इससे ट्रैफिक पुलिस का दबाव काफी कम हो जाएगा। नगर पालिका ने जब यहलाइट लगाई गई थी जब कुछ ही समय चल पाई। बाद में रखरखाव के अभाव में ये जल्दी ही खराब हो गई। जिस समय ये लाइट ठीक थी, उस समय ट्रैफिक व्यवस्था का संचालन अच्छे से हो रहा था। वहीं शहर में ट्रैफिक भी कम ही था। मगर जैसे-जैसे शहर विकसित हुआ, वैसे-वैसे शहर में वाहनों की संख्या भी बढ़ने लगी। वाहनों की बढ़ती संख्या के कारण अब शहर में तीन अन्य जगह सतनाली चौक, ब्रह्मदेव चौक व मसानी चौक के पास भी ट्रैफिक लाइट लगाने की जरूरत पड़ गई है। जबकि राव तुलाराम चौक व माजरा चुंगी के पास लगी वर्षों पुरानी लाईटों पर खराब ज्यादा हो जाने के कारण इनकों सुधारने की आवश्यकता है, ताकि शहर में प्रवेश करने वाले ट्रैफिक को नियत्रिंत किया जा सके।

#### चौराहों पर लालबत्ती जरूरी

ट्रैफिक लाइट के अभाव में दिन भर ट्रैफिक पुलिस के कर्मचारी धूप में ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने में लगे रहते हैं। शहर में यातायात के बढ़ते दबाव के बाद यह जरूरी हो गया है कि प्रमुख चौराहों पर लालबत्तियों की व्यवस्था हो। समय के साथ शहर की आबादी इन दिनों दो गुनी हो गई है। शहर के कई चौराहों पर लालबत्ती की आवश्यकता है। आधे दर्जन से अधिक चौराहे ऐसे हैं, जहां लालबत्ती न होने से हादसे होने की आशंका बनी रहती है। शहर में इन दिनों माता मसानी चौक, कैंची मोड़, सतनाली चौक, बालाजी चौक, राव तुलाराम चौक, माजरा चुंगी सहित अनेक चौराहे पर ट्रैफिक लाइट की आवश्यकता है। अगर इन चौराहों पर ट्रैफिक लाइट लग जाती है तो शहर के लोगों को ट्रैफिक जाम से निजात मिल सकेंगी।



### हैप्पी स्कूलः अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस पर छात्रों ने बिखरे जलवे

**महेंद्रगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस पर हैप्पी एवरग्रीन स्कूल में बच्चों द्वारा मनमोहक नृत्य कार्यक्रम का भव्य प्रस्तुतीकरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि उपसंचालिका कौशल्या अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित किया। इसके बाद बच्चों ने अलग-अलग डांस थीम पर आधारित मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। नृत्य प्रशिक्षिका मोनिका भारद्वाज के नेतृत्व में क्लासिकल, वेस्टर्न, राजस्थानी और फोक डांस प्रस्तुत किए। प्राचार्य डॉ. जेएस कुंतल ने बताया कि यह अभिव्यक्ति का सर्वोत्कृष्ट रूप है। यह खुशी, प्रेरणा और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देता है, जो अंतरराष्ट्रीय मंच पर हमारी वैश्विक छवि को मजबूत करता है। प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल और मैनेजर चंचल अग्रवाल ने बताया कि नृत्य दिवस का उद्देश्य नृत्य के माध्यम से अपनी भावनाओं को प्रकट करना और लोगों का ध्यान नृत्य की और आकर्षित करना है। संचालक सुभाषचंद्र अग्रवाल और उप संचालिका कौशल्या अग्रवाल ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस समारोह का उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नृत्य को उसके सभी रूपों में बढ़ावा देना है।




### कॉमर्स टैलेंट सर्च एग्जाम में सीएल स्कूल के 35 छात्र सफल

**नारनौल।** कॉमर्स टैलेंट सर्च एग्जाम 2023-24 में हमेशा की तरह सीएल पब्लिक स्कूल के बच्चों ने राष्ट्रीय स्तर पर रिकॉर्ड तोड़ सफलता हासिल कर 35 बच्चों ने क्वालीफाई किया। कक्षा 11वीं से देव बसंल पुत्र राजेश बसंल ऑल इंडिया रैंक 4, कल्पित पुत्र अरविंद ऑल इंडिया रैंक 5 एवं मुस्कान पुत्री मनोज कुमार ऑल इंडिया रैंक 16 प्राप्त की। कक्षा 12वीं से पूनम पुत्री प्रेम कुमार ऑल इंडिया रैंक 5, तुषार पुत्र जितेंद्र ऑल इंडिया रैंक 7, रीनू पुत्री शिव चरण ऑल इंडिया रैंक 9, प्रिंस पुत्र अत्तर सिंह ऑल इंडिया रैंक 13 एवं तानसु पुत्र संजय कुमार ऑल इंडिया रैंक 15 प्राप्त की। इन बच्चों को ट्रॉफी, वॉच तथा सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। सभी अध्यापकों, अभिभावकों एवं विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक निर्देशक ने सभी विजेता छात्र-छात्राओं को बधाई दी एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य रविंद्र सिंह ने भी सभी बच्चों को बधाई दी।

# हकेंवि में हुआ शेक्सपियर दिवस का आयोजन

- विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने लिया कार्यक्रम में भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के अंग्रेजी और विदेशी भाषा विभाग द्वारा सोमवार को शेक्सपियर दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.टंकेश्वर कुमार, विशिष्ट अतिथि के रूप में सम-कुलपति प्रो. सुषमा यादव सहित शोध अधिष्ठाता में प्रो. नीलम सांगवान व शैक्षणिक अधिष्ठाता व विभागाध्यक्ष प्रो. संजीव कुमार की गरिमामयी उपस्थित रही। कुलपति प्रो.टंकेश्वर कुमार ने इस आयोजन में जुटे विद्यार्थियों व शिक्षकों की कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना


महेंद्रगढ़। हकेंवि में आयोजित कार्यक्रम में हुए नाटक मंचन का दृश्य।

की। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों का सम्मलित होना इस बात का परिचायक है कि वे ऐसे आयोजनों के माध्यम से एक साथ मिलकर कुछ नया करने के लिए तत्पर हैं। समकुलपति प्रो.सुषमा यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय के स्तर पर इस तरह से कार्यक्रम का आयोजन लगातार होते रहना चाहिए ताकि विद्यार्थियों की अभिनय क्षमता व प्रस्तुति कौशल का विकास हो। इस कार्यक्रम का संयोजन डॉ. स्नेहसता एवं संचालन सुप्रिया ने किया। समारोह में सुरभि का एक गीत, रीतू और खुशबू का एकांत भाषण और फातिमा और पूजा का सॉनेट पाठ शामिल रहा। इसी तरह हिन्दी विभाग के विद्यार्थी रॉबिन ने प्रसिद्ध सॉनेट 130 का हिंदी संस्करण सभी के समक्ष सुनाया। आयोजन में विद्यार्थियों ने मर्चेंट ऑफ वेनिस से अदालत के दृश्य, एज यू लाइक इट से वन दृश्य और मैकबेथ से गेट पर दस्तक दृश्य और जूलियस सीजर से ब्रूटस और मार्क एंटनी द्वारा अक्सर उद्धृत भाषणों का भी बेहतरीन ढ़ग से मंचन किया। इस आयोजन में शेक्सपियर पर केंद्रित एक प्रश्नोत्तरी भी शामिल रही। जिसमें मुकेश, अभिषेक और गौतम की टीम ने जीत हासिल की। इसी तरह ट्रेजर हंट में भावना, रफी और प्रिया ने बाजी मारी। कार्यक्रम के अंत में एलिजाबेथन नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर डॉ. कमलेश, डॉ. अभिरंजन, डॉ. सुदीप, डॉ. पिंकी, डॉ. उषा, डॉ. राजपाल, डॉ. किरण, डॉ. सुमन, डॉ. नीरज आदि उपस्थित रहें।

### सुरक्षा बलों ने कनीना शहर और ग्रामीण क्षेत्र में किया फ्लैग मार्च

**कनीना।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर क्षेत्र में आदर्श चुनाव आचार संहिता का पालन करने तथा आमजन को भयमुक्त मतदान करने के मकसद से सुरक्षा बलों ने कनीना सहित विभिन्न गावों में फ्लैगमार्च किया। पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा के दिशा-निर्देशन में निकाले गए इस फलैग मार्च में कनीना के सिटी थाना इंचार्ज निरीक्षक सुधीर कुमार सहित पुलिस कर्मचारी शामिल थे। सुरक्षा बलों ने अटेली हलके के बड़ें गावों एवं संवेदनशील मतदान केंद्र वाले गावों सहित विभिन्न गावों का दौरा कर शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया। थाना इंचार्ज सुधीर कुमार ने बताया कि शांतिपूर्ण मतदान के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।



### कॉमरेड रोहतास सैनी ने किया नामांकन दाखिल

**नारनौल।** भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा से सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया कम्युनिस्ट (एसयूसीआई कम्युनिस्ट) के उम्मीदवार किसान मजदूर नेता कॉमरेड रोहतास सैनी ने रिटर्निंग अधिकारी नारनौल के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया। पार्टी के राज्य सचिव कॉमरेड राजेंद्र सिंह एडवोकेट, जिला सचिव कॉमरेड ओमप्रकाश, राज्य कमिटी सदस्य कॉमरेड रामफल समेत सैकड़ों कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में नामांकन भरा गया। राज्य सचिव कॉमरेड राजेन्द्र सिंह एडवोकेट ने पार्टी कार्यकर्ताओं एवं रोहतास सैनी के समर्थन में आए जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि जन तंत्र पर धनतंत्र हावी हो चुका है।

### ओलंपियाड में हार्दिक ने जीता पुरुस्कार

**नारनौल।** विद्यालय प्रांगण में प्रधानाचार्या क्षमा पांडे के नेतृत्व में यंग स्कॉलर फाउंडेशन ओलंपियाड में चयनित विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कक्षा पहली के विद्यार्थी हार्दिक शर्मा ने 11,000 रुपये नगद राशि का पुरस्कार प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा पांचवी की सौम्या तथा कक्षा तीसरी के शिवांग ने पुरस्कार के रूप में घड़ी प्राप्त की। विद्यार्थियों के माता-पिता एवं सभी अध्यापगण उपस्थित रहे। मंच संचालन कर रहे अंग्रेजी के प्रवक्ता संदीप ने इन बच्चों को विद्यालय का गौरव बताते हुए बच्चों का मान बढ़ाया। विद्यालय के संचालक मुकेश शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनका मनोबल बढ़ाया और भविष्य में ऐसे ही उन्नति के पथ पर चलने का आशीर्वाद प्रदान किया।

# मांगें पूरी करने पर रोडवेज परिचालक चालक संघ ने जीएम का जताया आभार

**नारनौल।** रोडवेज डिपो प्रधान हंसराज यादव ने महाप्रबंधक से उन्हें सौंपें गए मांग पत्र की मांगों को पूरा करने पर उनका आभार जताते हुए शेष सभी मांगों को लागू करने की मांग की है। प्रधान ने बताया कि महाप्रबंधक को गत 25 अप्रैल को एक ज्ञापन दिया था। नारनौल डिपो के चालक संघ के प्रदेश महासचिव देवेंद्र डुनिना ने इसका नेतृत्व किया था। उन्होंने बताया कि मुख्य मांग चालक साथियों का ओवरटाईम करवाने की बात रखी गई, जिस पर जीएम ने आश्वासन दिया था कि एक सप्ताह में यह शुरू कर दिया जाएगा। कुछ मांगें एलटीसी, परिचालकों का 24 मई 2023 से बकाया ओवरटाईम का भुगतान करने की भी थी। इन सभी मांगों पर महाप्रबंधक ने चालकों का ओवरटाईम 27 अप्रैल से ही चालकों को देना शुरू कर दिया था। मांगों के लिए एक सप्ताह के अंदर ही लगभग चार मई तक समय दिया था।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डैंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

### सामाजिक विषयों पर एक दूसरे से साझा किए विचार

# राजनीतिक लाभ के लिए बनाए सामाजिक दबाब समूह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

श्री नामदेव समाज समिति एवं चैरिटेबल ट्रस्ट और छीपा महासभा की ओर से पुरानी सराय स्थित श्री नामदेव सभा भवन में रविवार महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय अजमेर के सेवानिवृत कुलपति मोहनलाल छीपा का सामाजिक अभिनंदन एवं स्वागत किया गया। इस दौरान ट्रस्ट संरक्षक सुभाष चंद्र वर्मा ठेकेदार ने उन्हें नामदेव समाज नारनौल की तरफ से एक स्मृति चिन्ह भेट करके सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त छीपा महासभा नारनौल, हरियाणा के प्रधान


नारनौल। मोहनलाल छीपा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते ट्रस्ट संरक्षक सुभाषचंद्र वर्मा।

कैलाश चौधरी एवं बृजमोहन गोठरवाल ने पूर्व कुलपति को माला पहनाकर एवं नामदेव अंग वस्त्र पहनाकर पूर्व कुलपति का सम्मान किया। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर विस्तार से गंभीर चर्चा की गई। इस अवसर पर मोहनलाल छीपा ने नामदेव समाज की अतीत से वर्तमान तक विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि राजनीतिक लाभ प्राप्त करने के लिए हमें सामाजिक दबाव समूहों का निर्माण करना चाहिए। अपने संगठन की कार्य प्रणाली को ओर अधिक विस्तृत बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि श्री नामदेवजी महाराज हमारे समाज के आराध्य संत है। हमें उनकी शिक्षाओं का अनुसरण करना चाहिए। वर्तमान पीढ़ी के नवयुवकों को नामदेव चरित्र एवं उनकी जीवन गाथा की जानकारी अवश्य दें। इस मौके पर श्री नामदेव समाज समिति के प्रधान ओमप्रकाश लोहारिया, सचिव डा. संजय कुमार वर्मा, ट्रस्ट सचिव सत्यनारायण वर्मा, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी पुष्करमल वर्मा, पूर्व प्रधान सुभाष चंद्र कश्यप, सूबेदार मेजर रामनिवास, निरंजन लाल छीपा, पूर्णमल छीपा, नवरत्न वर्मा, रमेश वर्मा, त्रिभुवन वर्मा, प्रमोद रोहिल्ला, प्रदीप कुमार, रवि लखमरा, सुभाष चंद रोहिल्ला, सुरेंद्र झेड्डू, मुकेश डीपीई, कोषाध्यक्ष सतीश झांकल, पवन लखमरा, दयानंद वर्मा, रवींद्र वर्मा, प्रदीप उर्फ कालू, सत्यनारायण छीपा, ओम प्रकाश कोकचा, मखनलाल, ओम प्रकाश नागर, सुभाष कश्यप आदि की उपस्थिति रही।